संक्षिप्त

तिरंगा रैली की तैयारी हेतु बैठक

ब्यावर, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की एक बैठक रविवार को राधाकुंज गार्डन में अजमेर देहात जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतडा की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक में ब्यावर विधानसभा के आशापुरा माता मंडल, महाराणा प्रताप मंडल, पृथ्वीराज चौहान मंडल व नीलकंठ महादेव मंडल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जिसमे घर घर तिरंगा अभियान के आगामी कार्यक्रम तिरंगा रैली व सम्पूर्ण शहर मे घर घर तिरंगा लगाने की रणनीति पर कार्यकर्ताओ के साथ मंथन किया गया। इस रैली में पहली बार मातृशक्ति को भी सम्मिलित करने का निर्णय लिया। बैठक मे जिला मंत्री करनसिंह रावत, राजेश्वरी यादव, नरेश मित्तल, रामावतार लाटा, डूंगरसिंह रावत, कानाराम गुर्जर, दिलिप बाबेल, जितेंद्र कावडिया, मुकेश घावरी, संतोष जाठात, नवल मुरारका, प्रमोद शर्मा, सत्येंद्र यादव, एडवोकेट यज्ञेश शर्मा, विजय दगदी, त्रिलोक शर्मा इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

चोरी का मामला दर्ज, जांच शुरू

भीलवाडा, (निसं)। शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र की बसंत विहार कॉलोनी में एक व्यवसायी के घर से करीब 35 तोला सोने के आभूषण चोरी हो गये। यह गहने फरवरी माह में सुरक्षित रखे थे और अब जरुरत होने पर आलमारी में ढूंढे तो आलमारी में गहने नहीं मिले। यह देखकर परिवार के लोग सकते में आ गये। इसके बाद परिवार के लोगों ने नौकरानी के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया। प्रताप नगर थाना प्रभारी राजेंद्र गोदारा ने बताया कि बसंत विहार निवासी विशाल व्यास ने नौकरानी हेमापर चोरी की शंका जाहिर करते हुये चोरी की एफआईआर दर्ज करवाई है। व्यास परिवार ने 30 से 35 तोला सोने के विभिन्न आभूषण फरवरी माह में आलमारी में सुरक्षित रख दिये थे। इसके बाद गहनों की परिवार के सदस्यों को कोई जरुरत नहीं पडी। अब जब गहनों की जरुरत लगी तो आलमारी से गहने गायब मिले। इस संबंध में व्यास ने घरेलू नौकरानी हेमा पर चोरी की शंका जाहिर की। वही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

तिरंगा अभियान का आयोजन

मसूदा, (निसं)। देश की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में संपूर्ण भारत' आजादी का अमृत महोत्सव' मना रहा है। इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से 'हर घर तिरंगा' अभियान की घोषणा की गई है। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत प्रधानमंत्री ने देश के सभी नागरिकों से अपने-अपने घरों में 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा फहराने की अपील की है। इसे ध्यान में रखते हुए 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत मसुदा के प्रधान डाकघर से आमजन में जागरूकता फैलाने और आमजन को 25 रुपये में तिरंगा उपलब्ध करवाने के लिए अभियान के दौरान उपलब्ध करवाया गया। इस संबंध में बताया गया कि लोगों की ओर से मात्र 25 रुपए में खरीदा जा सकता है। रैली के दौरान मसुदा प्रधान डाकघर के साथ साथ अन्य डाकघरों के कर्मचारी और मसुदा प्रधान डाकघर के अधीन आने वाले शाखा डाकघरों के कर्मचारी इस जागरूकता में शामिल हुए और आमजन से हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील की गई। इस अवसर पर गुलाबचंद सेन गजराजसेन जीवनलाल सहित स्टाफ मौजूद रहा।

लहरिया उत्सव का आयोजन

अजमेर, (कास)। पतंजलि योग समिति अजमेर एवं भारत स्वाभिमान अजमेर की महिला कमेटी की महिलाओं ने सावन माह उत्सव के रूप में लहरिया उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर राधे रानी गार्डन गुलाब बाड़ी अजमेर की नियमित योग कक्षा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कक्षा की सह प्रभारी अंजना राठौड़ ने बताया कि समस्त योग साधिकाओं ने इस मौके पर विभिन्न रंग बिरंगे लहरिया परिधानों में भारतीय खेलों को प्रचारित करने के लिए खेलों का भी आयोजन किया तथा विभिन्न शैलियों के भारतीय नृत्यों का भी रंगारंग आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा संरक्षक ललिता सैनी, कविता गढ़वाल, दीप्ति सोगरा शर्मा, भारतीय राजोरिया, अनीता शर्मा, कविता सैनी, स्नेहलता झा, पूनम महावर एवं अन्य कई महिलाएं मौजूद रही।

गोपालन मंत्री ने लम्पी वायरस संक्रमण को लेकर गौशालाओं का निरीक्षण किया

नागौर, (निसं)। प्रदेश के गोपालन, खान एवं पेट्रोलियम विभाग के मंत्री प्रमोद जैन भाया रविवार को एक दिवसीय नागौर दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने गौवंश में फैल रहें लंपी वायरस संक्रमण को लेकर गौशालाओं का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

इस दौरान मंत्री ने नागौर जिला मुख्यालय पर महावीर गौशाला का निरीक्षण कर गौशाला में जिले से आये पशुपालक एवं गौशाला प्रतिनिधियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। इस दौरान मंत्री ने कहा कि घरों एवं गौशाला में संधारित पशु, जो अब तक इस रोग से संक्रमित नहीं हुए है उनका टीकाकरण आवश्यक रूप से करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि गौशालाओं में यह बीमारी फैलती है तो तुरंत प्रभाव से स्वस्थ गौवंश को अलग करे तथा मृत गौवंश का चिन्हित स्थान पर ही निस्तारण करें। इस सम्बन्ध में गौशाला प्रबन्धकों द्वारा गौचर भूमि एवं अब्दुर्रहमान प्रकरण वाली भूमि का उपयोग कर मृत गौवंश के निस्तारण हेतु भूमि आवंटन की मांग की गई। जिस पर मंत्री द्वारा भूमि आवंटन सम्बन्धित प्रक्रिया का सरलीकरण का प्रस्ताव रखने के साथ ही कहा कि बजट घोषणा 2020-21 के तहत सडकों पर निराश्रित घूम रहे नर गौवंशों की समस्या के समाधान हेतु प्रत्येक पंचायत समिति स्तर पर नंदीशाला की स्थापना की जानी है। उक्त घोषणा की क्रियान्विति में आने वाली बाधाओं का समाधान करते हुए प्रक्रिया का शीघ्र सरलीकरण करने का आश्वसन दिया। इस अवसर पर उन्होंने राजस्थान सरकार द्वारा गौशालाओं में संधारित दिव्यांग गौवंश को प्रतिवर्ष 365 दिवस की सहायता राशि के प्रस्ताव के बारे में भी उचित कारवाई करने की बात कही। इससे पूर्व मंत्री भाया ने महावीर गौशाला का निरीक्षण किया तथा पशुओं में फैल रही इस बीमारी के लक्षण, उपचार व बचाव के उपायों के बारे में चर्चा की। साथ ही गौशाला कमेटी को लंपी बीमारी से सावधानी बरतने, पशुओं को बचाने तथा आवश्यक सावधनियां रखने के भी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान गौशालाओं के अनुदान व जमीन के विषय पर भी चर्चा की।

गोपालन, खान एवं पेट्रोलियम विभाग के मंत्री प्रमोद जैन भाया एक दिवसीय नागौर दौरे पर रहे।

■ पशुपालक एवं गौशाला प्रतिनिधियों की बैठक लेकर जरूरी निर्देश प्रदान किए

इस अवसर पर राज्य गौसेवा आयोग के अध्यक्ष मेवाराम जैन, पूर्व विधायक जाकिर हुसैन गैसावत, जायल पूर्व प्रधान रिद्धकरण लामरोड़ ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जिला कलक्टर पीयुष समारिया, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक महेश कुमार मीणा, गौशाला समिति अध्यक्ष उम्मेदसिंह राजपुरोहित, सदस्य किशनलाल लोहिया, रामदीन बिश्नोई, सचिव अशोक कुमार शर्मा, रामकुमार सांखला, बलदेवसिंह सांखला, बालकिशन भाटी सहित विभिन्न गौशालाओं के संचालक व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पदयात्रियों ने 7 अगस्त रविवार को चारभुजा गढ़बोर नाथ मंदिर पहुंचकर चारभुजा नाथ के भोग चढ़ाकर दर्शन लाभ लिए। पदयात्रा में आसींद नगरपालिका के पालिका उपाध्यक्ष विक्रम सिंह चुंडावत, अजय राज सिंह, राहुल तोलंबिया श्याम सिंह उमरी, गौरव जोशी, गजेंद्र सिंह शेखावत, शंभू लाल गुर्जर, राजेंद्र सिंह चुंडावत, मनोज लोहार, कर्मवीर सिंह राठौड़, सत्यनारायण छिपा, युवराज सिंह भाटी, मनीष छिपा, संजय सिंह शेखावत, भानु प्रताप सिंह दौलतगढ़, निर्मल सिंह शेखावत, प्रह्लाद सिंह चुंडावत, अखिलेश वैष्णव, भगवान सिंह राठौड़, वीरेंद्र सिंह शेखावत, रणजीत सिंह चुंडावत ने इस पदयात्रा में भाग लिया।

चरित्र को नजरअंदाज करके केरियर बनाना असंभव है : मुनिराज

अजमेर, (कासं)। लायन्स क्लब अजमेर द्वारा विद्यार्थियों में संस्कार निर्माण के तहत मुनिराज श्री मुन्तिशवर विजय जी म. सा. के सानिध्य में जिले के सबसे बड़े सरकारी विद्यालय पुरानी मण्डी स्थित सेंट्रल गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल में प्रवचन का आयोजन हुआ।

संभागीय पीआरओ डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि छात्राओं को मुनिराज द्वारा करैक्टर एवं केरियर के विषय पर सारगर्भित सम्भाषण दिया गया। उन्होंने कहा कि करैक्टर को नजरअंदाज करके केरियर बनाना असम्भव है। उससे स्वाभिमान को भी चोट लगती है। यदि करैक्टर को संरक्षित रखते हुए ईमानदारी के मार्ग पर अग्रसित हुआ जाए तो न केवल आपका कैरियर बनेगा अपितु आप स्वयं दूसरों का केरियर बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर लायन्स परिवार की ओर से क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन बी एन अरोड़ा, अध्यक्ष लायन नरपतराज भण्डारी, सचिव लायन एन के माथुर, लायन हनुमान दयाल बंसल एवं कार्यक्रम संयोजिका लायन ममता अरोड़ा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम पश्चात शाला प्रभारी श्री चन्द्र प्रकाश शर्मा द्वारा छात्राओं के संस्कार निर्माण पर सारगर्भित उद्बोधन हेतु मुनिराज म. सा. एवं लायन्स क्लब अजमेर का आभार व्यक्त किया।

■ मुनिराज श्री मुन्तिशवर विजय जी म. सा. का आशीर्वचन

हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील

डीडवाना, (निसं)। देश की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में संपूर्ण भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से हर घर तिरंगा अभियान की घोषणा की गई है। इस अभियान के तहत प्रधानमंत्री ने देश के सभी नागरिकों से अपने-अपने घरों में 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा फहराने की अपील की है। इसे ध्यान में रखते हुए हर घर तिरंगा अभियान के तहत रविवार को डीडवाना के प्रधान डाकघर से आमजन में जागरूकता फैलाने और आमजन को 25 रुपये में तिरंगा उपलब्ध करवाने के लिए रैली के दौरान भी उपलब्ध करवाया गया। इसे लोगों की ओर से मात्र 25 रुपए में खरीदा जा सकता है। रैली के दौरान डीडवाना प्रधान डाकघर के साथ साथ डीडवाना धान मंडी, डीडवाना स्टेशन रोड डाकघर, खुनखुना कोलिया और दौलतपूरा के एसओ डाकघरों के कर्मचारी और डीडवाना प्रधान डाकघर के अधीन आने वाले शाखा डाकघरों के कर्मचारी इस जागरूकता रैली में शामिल हुए और आमजन से हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील की गई।

श्याम सुंदर खत्ती मेड़ता नामदेव दर्जी समाज के अध्यक्ष बने

मेड़ता सिटी (निसं)। मेड़ता नामदेव दर्जी छीपा समाज के तत्वाधान में रविवार को मेड़ता नामदेव समाज भवन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज का लेखा जोखा तथा नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमे वीरेंद्र वर्मा को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया जिसमें समाज की सर्वसमिति से मेड़ता निवासी श्याम सुंदर खत्ती को मेड़ता नामदेव दर्जी छीपा समाज का अध्यक्ष चुना गया।

■ 'समाज के सभी नागरिकों को एक मत रहकर विकास में भागीदारी निभानी चाहिए'

खत्ती के अध्यक्ष बनने पर मेड़ता समाज द्वारा माला पहनाकर अभिनंदन किया। बैठक में पूर्व कोषाध्यक्ष कैलाश तोलम्बिया ने समाज का लेखा जोखा पेश किया। वही पूर्व सचिव भगवती लाल टेलर ने समाज में हुवे कार्य आदि को विस्तार पूर्वक बताया। नवनियुक्त अध्यक्ष खत्ती ने बताया कि समाज की एकता, समाज का विकास समाज का एकजुट रहना उसी से समाज का विकास होता है। समाज के सभी नागरिकों को एक मत रहकर समाज के विकास में भागीदारी निभानी चाहिए। वही खत्ती ने बताया आगानी बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया जायेग। इस मौके पर सुगनचंद तोलम्बिया, अखिल नामदेव मारवाड़ी दर्जीयान ट्रस्ट पुष्कर अध्यक्ष नवरतमल टाक, पूर्व अध्यक्ष नोरतमल सर्वा, रामकिशोर तोलम्बिया, जगदिश प्रसाद नागर, दामोदर लाल रुणवाल, प्रेम चंद रुणवाल, नेमीचंद खत्ती, कन्हैयालाल रुणवाल, सुखदेव नेरिया, बी एल टेलर, कैलाश वर्मा, त्रिलोक चंद तोलम्बिया, रामनिवास रुणवाल जडाउ, दिनेश उठवाल, विजय राज खत्ती, कैलाश नागर, सुरेश तारवान, ताराचंद नागर, प्रेम चंद ऊँटवाल, श्याम किशोर तोलम्बिया, घनश्याम तोलम्बिया हीरा लाल नेरिया, अनिल डीडवानिया, शिवरतन रुणवाल, उदयराज नागर, विनोद इरड़ीवाल, नरेंद्र तोलम्बिया, सीपी डीडवानिया, महेन्द्र टेलर, प्रकाश सर्वा, सुरेश रुनवाल, मुकेश नागर, योगेश रुणवाल आदि नागरिक मौजूद थे।

नवनियुक्त अध्यक्ष श्याम सुंदर खत्ती का समाज के लोगों ने अभिनंदन किया।

अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में बीस हजार तिरंगे घरों पर फहराये जायेंगे : भदेल

अजमेर, (कासं)। अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने रविवार को आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा अभियान के तहत् दक्षिण विधानसभा के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक अपने निवास स्थान पर आयोजित की गई।

हर घर तिरंगा अभियान के शहर जिला प्रभारी आनन्द सिंह राजावत ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक बूथ पर प्रभारी नियुक्त कर प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराया जाए इसकी व्यवस्था के बारे में विस्तार से चर्चा की। इसके अतिरिक्त 9 से 11 अगस्त के बीच प्रभात फेरियां निकाली जाएगी। विधानसभा के अन्तर्गत आने वाले स्मारकों पर स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। शहर जिला द्वारा आयोजित 14 अगस्त को मौन जुलूस निकाला जायेगा जिसमें अधिक से अधिक कार्यकर्ता सम्मिलित हो, प्रत्येक वार्ड में हर घर तिरंगा अभियान के प्रचार-प्रसार हेतु चिन्हित स्थानों पर बैनर इत्यादि लगाये जायेगें। विधायक भदेल ने जानकारी दी कि अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में 20 हजार तिरंगे घरों पर फहराये जायेंगे। इस हेतु प्रत्येक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी दी गई। विधायक भदेल ने बताया कि यह सभी 20 हजार ध्वज अपने सामूहिक प्रयासों से उपलब्ध कराये जायेगे। साथ ही प्रत्येक बूथ पर निश्चित लक्ष्य निर्धारित किया है जिसका सभी कार्यकर्ताओं ने समर्थन किया। 12 अगस्त को तिरंगा बाटेंगे और सभी नागरिकों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करेंगे। शहर जिला मंत्री राजेश घाटे ने बैठक संचालन किया। बैठक में आर्य मण्डल अध्यक्ष मोहन लालवानी, झलकारी बाई मण्डल अध्यक्ष हेमन्त सांखला, मण्डल महामंत्री रविन्द्र सिंह जादोन, हितेश डाबरिया, सुरेन्द्र वर्णवाल, भवानी सिंह जेदिया, काजल जेठवानी, गोविन्दराज, सोनू माखीजानी, पार्षद रजनीश चौहान, सीलम बैरवा, अंजना शेखावत, सुनिता चौहान, महेन्द्र राव, विक्रम तम्बोली, चेतन जांगिड, मोहन राजोरिया, बलराम कृष्ण, रोहित सोगरा, चेतन माली, सरकार, गौरव उपाध्याय, रणविजय, आशु सरदार, राजेन्द्र सरदार, भरत, ललित, प्रदीप तुनगरिया, अटल शर्मा, सरोज नेगी, सीमा गोस्वामी, मयंक, भारत भूषण सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा अभियान के तहत दक्षिण विधानसभा के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक निवास स्थान पर आयोजित की।

■ 9 से 11 अगस्त के बीच प्रभात फेरियां तथा स्मारकों पर स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा

सार-समाचार

विभिन्न प्रतिभाओं का सम्मान

भीलवाडा, (निसं)। स्थानीय नगर परिषद टाउन हॉल में सीरत कैश एंड क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी भीलवाडा द्वारा आयोजित नवें वार्षिक महाधिवेशन (आमसभा) में रविवार को मुस्लिम समुदाय का गौरव बढाने वाली कई विभूतियों का सम्मान किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में 23 बालक बालिकाओं को 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह के साथ नगद राशि से नवाजा गया। इसी दौरान स्पोर्ट्स के क्षेत्र में विशेष उपलब्धियां अर्जित करने वाली 5 प्रतिभाओं के साथ मानवीयता के क्षेत्र में कार्यरत रक्त मित्र समूह के संस्थापक मुकीम खान पठान के अतिरिक्त पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्य कर मुस्लिम समुदाय का गौरव बढाने वाले वरिष्ठ पत्रकार शहजाद खान, युवा पत्रकार दिलशाद खान और रफीक खान पठान का अधिवेशन में समारोह के मुख्य अतिथि वक्फ बोर्ड राजस्थान के चेयरमैन डॉ. खानू खान बुधवाली, विशिष्ट अतिथि नागौर जिला परिषद के सदस्य मुस्ताक खान एवं आरएनटी एंड विवेकानंद ग्रुप ऑफ कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर वसीम खान ने तीनों पत्रकारों को गुलपोशी के साथ पगडी पहनाई और स्मृति चिन्ह भेंट किया। सोसाइटी के महाअधिवेशन में सीरत सराय के चेयरमैन शब्बीर अहमद शेख, दाई हलीमा हॉस्पिटल के चेयरमैन रफीक अंसारी, कब्रस्तान कमेटी गांधी नगर के चेयरमैन अब्दुल सलाम मंसूरी, नगर परिषद के पूर्व कमिश्नर हाजी रुस्तम अली शेख, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के डॉक्टर फरियाद सहित सोसाइटी के चेयरमैन असलम खान पठान ने सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम में सोसाइटी के शेयर होल्डर खाताधारी एवं शहर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

शोभाग्यदशमी पर धार्मिक कार्यक्रम

मदनगंज-किशनगढ,(निसं)। दिगंबर जैन महिला महासमिति द्वारा अध्यक्ष निशा रारा के नेतृत्व में आदिनाथ मंदिर में शोभाग्यदशमी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभारी मोना झांझरी ने बताया कि विधिवत शुभारंभ मंगलाचरण के साथ हुआ। महिलाओं ने धार्मिक गीत संगीत के साथ मनोरंजक, एक मिनट प्रतियोगिता में भाग लिया। ज्ञानवर्धक धार्मिक तंबोला एवं धार्मिक प्रश्नोतरी का आयोजन हुआ। मंगलाचरण की प्रस्तुति सुलोचना कासलीवाल व उषा गोधा ने दी। धार्मिक प्रतियोगिताओं में रेखा झांझरी, नीतू गंगवाल, बीना झांझरी, सपना भानावत, ललिता पाटनी ने योगदान दिया। विजेताओ को सरिता पहाड़िया, गुणमाला पाटनी, सुनीता काला, मंजू बोहरा, प्रेमलता बड़जात्या, मीना सेठी ने पुरस्कार प्रदान किये। अनुराधा जैन ने कुमकुम अक्षत से टीका कर सभी का अभिनंदन किया। मंत्री सिंपल बाकलीवाल ने शुद्ध जल की व्यवस्था की। अंजू दोषी द्वारा सभी महिलाओं को रेकी करवाई गई। संचालन मोना झांझरी ने किया। इस दौरान गरीमा चौधरी, मोनिका जैन, श्रुति जैन, प्रियंका जैन, पुष्पा सेठी, मुन्नी दगडा आदि उपस्थित रही।

किशनगढ़ पहुंचने पर राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा पदाधिकारियों का स्वागत

मदनगंज-किशनगढ,(निसं)। प्रदेश ब्राह्मण महासभा की और से राष्ट्रीय पदाधिकारियों के किशनगढ पहुंचने पर स्वागत किया गया। कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष पाराशर, दीक्षांत शर्मा, ललित मिश्रा कार्यकारी अध्यक्ष (संगठन) ललित मिश्रा, प्रमुख महामंत्री सुरेश शर्मा प्रमुख महामंत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष लोकेंद्र शर्मा, प्रदेश युवा अध्यक्ष मधुसूदन शर्मा के किशनगढ पहुंचने पर प्रदेश उपाध्यक्ष पवन प्रधान के नेतृत्व में जेपी होटल में अगवानी कर अभिनंदन किया। प्रो. आरपी शर्मा, कोषाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाटी ने गहलोत सरकार द्वारा विप्र कल्याण बोर्ड की स्थापना करने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा की कल्याण बोर्ड से ब्राह्मणों की समस्याओं का प्रमाणिक रूप से मार्ग प्रश्रत्स होगा। कार्यकारी अध्यक्ष (संगठन) ललित मिश्रा ने कहा की शिक्षा एवं स्वास्थ्य को लेकर विभिन्न योजना के अंतर्गत महासभा सदैव सहयोग के लिए तत्पर है। संचालन डॉ अनिल पालीवाल ने किया। इस अवसर पर महासभा प्रदेश खंड अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष (वरिष्ठ) बृजेश उपाध्याय, जिलाध्यक्ष नरेश कौशिक, बालमुकुंद शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, जगदीश मांगलियारा, मनीष कौशिक, एडवोकेट राकेश शर्मा, रुपेश शर्मा, प्रमोद शर्मा, रमेश बादशाह, राजेश नवहाल, अशोक शर्मा, वेदप्रकाश शर्मा, महेश शर्मा, शिवसेना के गोपाल शर्मा, भाजपा नेता सूर्यप्रकाश शर्मा, किशनगोपाल शर्मा, सुशील दाधीच तिलोनिया, दिवाकर गोड़, केशव चतुर्वेदी, राजेंद्र प्रधान, रामचंद्र हरितवाल, रामकिशोर भारद्वाज, सतीश पराशर, सुनील रूथला, यश पालीवाल, दीपक व्यास, सुमित शर्मा, राजेश बढेढरा आदि मौजूद रहे।

पौधारोपण कर आजीवन देखरेख का लिया संकल्प

भीलवाडा, (निसं)। इण्डियन शेख अब्बासी अल्पसंख्यक महासभा राजस्थान एवं युवा जनहित सेवा समिति भीलवाडा के संयुक्त तत्वाधान में एक पद एक व्यक्ति एक पौधारोपण अभियान के तहत जवाहर नगर स्थित कब्रिस्तान में पौधारोपण किया गया। यूथ प्रदेश अध्यक्ष कय्युम मोहम्मद सक्का ने जानकारी देते हुये बताया कि पूरे राजस्थान में अभियान चला रखा है। लगभग 5000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है एवं आजीवन देखरेख करने का संकल्प लिया। भीलवाडा यूथ जिलाध्यक्ष मोहम्मद हुसैन अब्बासी ने बताया कि राज्य वक्फ बोर्ड चैयरमेन खानूखान बुधवाली व प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सलीम अब्बासी के भीलवाडा आगमन पर सर्किट हाउस में शॉल ओढाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर, माला पहनाकर सम्मानित किया गया व निम्बाहेडा, चित्तौडगढ, उदयपुर में वक्फ कमेटिया बनाने के लिये ज्ञापन दिया गया। समिति कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सलीम अब्बासी ने भीलवाड़ा सहित पूरे राजस्थान में चलाये जा रहे पौधारोपण अभियान की समीक्षा बैठक ली। इस मौके पर उदयपुर से वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद सईद सक्का, चित्तौडगढ़ से प्रदेश सलाहकार मोहम्मद इकबाल अब्बासी, प्रदेश सचिव फतेह मोहम्मद अब्बासी, पार्षद अतिक खान, पार्षद खालीद खान, समाजसेवी उम्रदराज कुरैशी, समाजसेवी इमरान कुरैशी, समाजसेवी अय्युब रंगरेज, समाजसेवी अबरार खान, समाजसेवी सद्दाम खान, समाजसेवी इमरान खान, समाजसेवी बाबू शाह, समाजसेवी आबिद खान आदि उपस्थित थे।

निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन

ब्यावर, (निसं)। स्थानीय अग्रवाल मारवाडी पंचायत भवन में प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को आयोजित की जाने वाले निशुल्क चिकित्सीय जांच व परामर्श शिविर का आयोजन हुआ। अठासेन जी महाराज के माल्यार्पण से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। डॉक्टर के के चौहान , दिनेश जैन व सुनील परिहार लैब टेक्नीशियन का माल्यार्पण से स्वागत किया गया। इस कैंप में 80 पुरुष व महिलाओं ने निशुल्क डायबिटीज फास्टिंग, पीपी व रैंडम जांच, हिमोग्लोबिन जांच की गई। डॉक्टर केके चौहान ने सभी रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें चिकित्सीय सलाह दी। इस अवसर पर अध्यक्ष रमेश बंसल मंत्री राधेश्याम डाणी, प्रेम बालोतरीया, वछराज अग्रवाल, चंद्रेश गर्ग, अभिषेक सटाक, ललित सटाक, अरुण सराफ, शांति प्रकाश डाणी, बालकिशन डाणी आदि ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। अगले माह 4 सितंबर को यह मुमकिन कैंप पुन आयोजित किया जाएगा।